1. मैकमहोन रेखा (मैकमोहन रेखा) का उल्लेख भारत के साथ किस देश के संबंध के संदर्भ में किया जाता है?

(a) बांग्लादेश

(b) म्यांमार

(c) चीन

(d) नेपाल

2. निम्नलिखित द्वीपों के युग्मों में से कौन-सा एक 'दस अंश जलमार्ग' द्वारा आपस में पृथक् किया जाता है?

(a) अंडमान एवं निकोबार

(b) निकोबार एवं सुमात्रा

(c) मालदीव एवं लक्षद्वीप

(d) सुमात्रा एवं जावा

3. निम्नलिखित में से कौन-से भारतीय राज्य चीन की सीमा को स्पर्श करते हैं?

1. पश्चिम बंगाल
2. सिक्किम
3. हिमाचल प्रदेश
4. उत्तराखंड

कूटः

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) केवल 2, 3 और 4

4. पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. पश्चिमी घाट पूर्वी घाट की तुलना में अधिक ऊँचा हैं।

2. पश्चिमी घाट उत्तर से दक्षिण की ओर अनवरत है, जबकि पूर्वी घाट अनियमित और विच्छेदित है।

3. पूर्वी घाट की सबसे ऊँची चोटी अनाईमुडी है, जबकि पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी महेंद्रगिरि है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

5. भारत की अवस्थिति और विस्तार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत विश्व का पाँचवा सबसे बड़ा देश है।
2. भारत की तटरेखा की कुल लंबाई 7516.6 किमी. है।
3. भारत की स्थल सीमा 8 पड़ोसी देशों से मिलती है। उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, भारत में भू-वैज्ञानिक समूहों के बनने का, उनकी आयु के आधार पर, सही अनुक्रम है ? ( प्राचीनतम से प्रारंभ तक )

(a) धारवाड़ - अरावली - विंध्य विंध्य - कुडप्पा

(b) अरावली - धारवाड़ - कुडप्पा - विंध्य

(c) विंध्य - धारवाड़ - अरावली - कुडप्पा

(d) कुडप्पा - विंध्य - धारवाड़ अरावली

7. नीचे दिये गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िये:

1. भारतीय प्लेट, गोंडवाना प्लेट से अलग होने के बाद दक्षिण , की ओर प्रवाहित हुई।
2. भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट की टक्कर के परिणामस्वरूप हिमालय पर्वत का विकास हुआ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2



8. हिमालय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. उत्तर में यूरेशियन प्लेट और भारतीय प्लेट ( गोंडवाना भूमि ) के अभिसरण के क्रम में टेथिस जियोसिनक्लाइन के अवसादों में मोड़ उत्पन्न हुआ और इस प्रकार हिमालय का उद्भव हुआ।

2. सिंधु - सांगपो स्यूचर जोन भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच की सीमा है।

3. तिब्बत पठार का उभार सिंधु सांगपो स्यूचर जोन के पर्पटी के अधःक्षेपण के कारण हुआ।

4. म्यांमार चाप के अंदर भारतीय प्लेट के धकेले जाने के कारण भारत-म्यांमार सीमा क्षेत्र के पर्वतों का उद्भव हुआ।

अराकानयोमा

कूटः

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

9. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

A. धारवाड़ क्रम

B. कुडप्पा क्रम

C. विंध्य क्रम

D. गोंडवाना क्रम

1. रूपांतरित अवसादी चट्टानों की प्रथम संरचना। चित्तौड़गढ़ से सासाराम तक बड़ी मात्रा में अवसादों के जमाव का विस्तार पन्ना और गोलकुंडा हीरों के लिये प्रसिद्ध । लाल बलुआ पत्थर पाए जाते हैं।
2. मेसोजोइक कल्प का कार्बोनीफेरस काल । बृहद् कोयला क्षेत्र, जैसे- रानीगंज, झरिया, कर्णपुरा, बोकारो।
3. अरावली, कर्नाटक, तमिलनाडु, छोटानागपुर का पठार, दिल्ली एवं हिमालय क्षेत्र । कोलार की खानें इस प्रणाली के अंग हैं।
4. आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली और निम्न हिमालय क्षेत्र । लौह और निम्न कोटि के अयस्क एवं खनिज पाए जाते हैं।

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय प्रायद्वीप गोंडवाना भूमि का एक हिस्सा था।
2. हिमालय का निर्माण पूर्ववर्ती टेथिस सागर की अभिनति में हुआ है।

प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के संबंध में उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

11. निम्नलिखित में से क्या यह सिद्ध करते हैं कि हिमालय अभी भी उत्थान की स्थिति में है?

1. जीवाश्म निर्माण
2. भूकंप
3. हिमालयी नदियाँ
4. सूखी झीलें

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

12. निम्नलिखित शैलक्रमों में से कौन भारत का 90% से अधिक कोयला प्रदान करता है?

(a) विंध्य क्रम

(b) धारवाड़ क्रम

(c) टर्शियरी क्रम

(d) गोंडवाना क्रम

गोंडवाना चट्टान

13. भारत के पश्चिमी तटीय मैदान के बारे में निम्नलिखित कथनों में कौन-से सही हैं?

1. यह एक संकीर्ण पट्टी है।
2. यह निमग्न तटीय मैदान का एक उदाहरण है।
3. यह पत्तनों के विकास के लिये प्राकृतिक दशाएँ प्रदान करता है।
4. इसमें सुविकसित डेल्टा है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2, 3 और 4

(d) केवल 3 और 4


14. भारत में पर्वतों के अवस्थान पर विचार करते हुए निम्नलिखित में से कौन-सा एक दक्षिण से उत्तर की ओर सही अनुक्रम है?

(a) डोड्डाबेट्टा, कैलाश, धौलागिरि, विंध्याचल

(b) डोड्डाबेट्टा, विंध्याचल, धौलागिरि, कैलाश

(c) धौलागिरि, कैलाश, डोड्डाबेट्टा, विंध्याचल,

(d) धौलागिरि, विंध्याचल, डोड्डाबेट्टा, कैलाश



15. कथन:

I. हिमाचल प्रदेश की कुल्लू घाटी में शीतकाल में बहुत अधिक हिमपात होता है।

II. शीतकाल में कुल्लू घाटी में पश्चिमी विक्षोभ की आर्द्रताधारी पवन आती है।

कूट:

(a) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन-II, कथन-I सही स्पष्टीकरण है।

(b) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किंतु कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) कथन-I सत्य है, किंतु कथन-II असत्य है।

(d) कथन-I असत्य है, किंतु कथन-II सत्य है।


16. यदि हिमालय पर्वत श्रृंखला अस्तित्व में नहीं होती तो निम्नलिखित में से क्या हुआ होता ?

(a) सर्दियों के महीनों में मानसून की वर्षा होती।

(b) तटीय भारत में भूमध्यसागरीय जलवायु होती।

(c) सर्दियों में उत्तर-भारतीय मैदान और अधिक ठंडे होते

(d) भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में आर्द्र-स्थिति होती ।



17. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I (दर्रा) | | सूची-II (स्थान) |
|---|---|---|
| A. | जोजिला | 1. हिमाचल प्रदेश |
| B. | शिपकी ला | 2. उत्तराखंड |
| C. | लिपुलेख | 3. लद्दाख |
| D. | नाथू ला | 4. सिक्किम |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

18. भारतीय प्रायद्वीपीय पठार के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. दक्कन के पठार क्रमशः उत्तर से दक्षिण की ओर बढ़ते हैं
2. मालवा के पठार विंध्य के कगारों से ऊँचे हैं, जो पठार का पूर्वी पार्श्व भाग बनाते हैं।
3. पश्चिमी सतपुड़ा, नर्मदा और तापी नदियों को पृथक् करते हैं।
4. छोटानागपुर पठार आद्यमहाकल्पी ग्रेनाइट और नीस चट्टानों से प्रकृतिस्थ है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 1 और 3

19. हिमालय के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) ये नए वलन पर्वत ( यंग फोल्ड माउंटेन ) हैं।

(b) इनमें भू-अभिनतिक चट्टानें हैं।

(c) हिमालय के अग्र भ्रंश ( हिमालयन फ्रंटल फॉल्ट्स, HFF ) हिमालय को तिब्बत से अलग करते हैं।

(d) सिंधु और सतलुज नदियाँ हिमालय में पूर्ववर्ती अपवाह बनाती हैं।

20. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजियेः पहाड़ियाँ कहाँ स्थित हैं

1. गारो पहाड़ियाँ - मेघालय
2. मिकिर पहाड़ियाँ - असम
3. कैमूर पहाड़ियाँ - सिक्किम

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

21. हिमालय की मुख्य चोटियाँ नीचे दी गई हैं। इन्हें उच्च से निम्न ऊँचाई के क्रम में व्यवस्थित कीजिये:

1. कंचनजंगा
2. नंगा पर्वत
3. नंदा देवी
4. धौलागिरि

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) 1-4-2-3
(b) 1-2-4-3
(c) 4-1-2-3
(d) 2-3-1-4

कंचनजंघा
धौलागिरी
नंगा पर्वत
नंदा देवी

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैरन द्वीप ज्वालामुखी एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो भारतीय राज्य-क्षेत्र में स्थित है।

2. बैरन द्वीप, ग्रेट निकोबार के लगभग 140 किमी. पूर्व में स्थित है। उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

23. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये :

| पहाड़ियाँ | क्षेत्र |
|---|---|
| 1. कार्डमम पहाड़ियाँ | कोरोमंडल तट |
| 2. कैमूर पहाड़ियाँ | कोंकण तट |
| 3. महादेव पहाड़ियाँ | मध्य भारत |
| 4. मिकिर पहाड़ियाँ | पूर्वोत्तर भारत |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित हैं ?

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) 2 और 4

24. 27 हिमालय पर्वत अभी भी युवा अवस्था में है, इसका प्रमाण हैं-

1. गॉर्ज
2. V-आकार की घाटियाँ
3. क्षिप्रिकाएँ
4. जलप्रपात

कूटः

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

25. नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:

1. हिमालय पर्वत श्रृंखला का विस्तार पश्चिम-पूर्व दिशा में सतलुज नदी से लेकर ब्रह्मपुत्र नदी तक है।

2. हिमालय पर्वत श्रृंखला की चौड़ाई पश्चिम से पूर्व की ओर घटती जाती है।

3. हिमालय पर्वत श्रृंखला के पश्चिमी भाग की ऊँचाई में पूर्वी भाग की अपेक्षा अधिक विविधता पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन असत्य हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) उपर्युक्त सभी।

26. लघु हिमालय या हिमाचल हिमालय के अंतर्गत कौन-कौन सी पर्वत श्रृंखला सम्मिलित हैं?

1. धौलाधर
2. पीरपंजाल
3. महाभारत
4. जास्कर

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) उपर्युक्त सभी।

27. विश्व प्रसिद्ध कांगड़ा एवं कुल्लू घाटी स्थित हैं-

(a) महान हिमालय या आंतरिक हिमालय में

(b) शिवालिक में

(c) ट्रांस हिमालय में

(d) मध्य हिमालय या लघु हिमालय में

मध्य हिमालय

28. पंजाब के मैदान का निर्माण किन नदियों के द्वारा हुआ है ?

(a) सिंधु, झेलम, चेनाब, रावी, ब्यास एवं सतलुज

(b) सोन, चेनाब, रावी, ब्यास एवं सतलुज

(c) सिंधु, झेलम, घग्घर, चेनाब, रावी एवं सतलुज

(d) झेलम, चेनाब, रावी, माही एवं सतलुज

29. नीचे दिये गए कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. गंगा के मैदान का विस्तार घग्घर तथा तीस्ता नदियों के बीच है।
2. दिल्ली और हरियाणा राज्य सिंधु और गंगा नदी तंत्रों के बीच जल - विभाजक हैं।
3. ब्रह्मपुत्र का मैदान गंगा के मैदान के पश्चिम में स्थित है।

कूटः

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी।

30. उत्तरी मैदान के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. उत्तरी मैदान का सबसे अधिक भाग पुरानी जलोढ़ मृदा से बना है।

2. उत्तरी मैदान के बांगर क्षेत्र की मृदा में चूनेदार निक्षेप पाए जाते हैं।

3. उत्तरी मैदान के बाढ़ वाले मैदानों के नए तथा युवा निक्षेप को 'खादर' कहा जाता है।

नयी जलोढ़ मृदा।

कूट:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

31. प्रायद्वीपीय पठार से संबंधित नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पठारी भाग में संकरी तथा गहरी घाटियाँ पाई जाती हैं।
2. यहाँ की पहाड़ियाँ गोलाकार हैं।
3. यह भारत के प्राचीनतम और स्थिर भू-भागों में से एक है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

हिमालय

32. निम्नलिखित में से कौन-से कथन पश्चिमी घाट के संदर्भ में सही हैं?

1. पश्चिमी घाट की ऊँचाई उत्तर से दक्षिण की ओर घटती जाती है।
2. अधिकांश प्रायद्वीपीय नदियों की उत्पत्ति पश्चिमी घाट से होती है।
3. पश्चिमी घाट सतत् है तथा उसे केवल दरों के द्वारा ही पार किया जा सकता है।

कूटः

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी।

33. नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'कयाल' कोंकण तट की विशेष स्थलाकृति है।

2. 'कयाल' का प्रयोग मछली पकड़ने और अंतःस्थलीय नौकायन के लिये किया जाता है

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

34. नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:

1. पूर्वी तटीय मैदान पश्चिमी तटीय मैदान की तुलना में चौड़ा और उभरा हुआ है।
2. पूर्वी तटीय मैदान पर बहने वाली नदियाँ यहाँ पर लंबे-चौड़े डेल्टा बनाती हैं।
3. पूर्वी तटीय मैदान पर पत्तनों एवं पोताश्रय का विकास करना मुश्किल होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं? लगा

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी।

35. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अरावली पर्वत के लिये सही नहीं है?

(a) ये हिमालय की तरह वलित पर्वत है, जो विवर्तनिक प्लेटों की गतिविधि के कारण वलित हो गया। इसका उत्थान प्री-कैम्ब्रियन काल में हुआ।

(b) ये चापाकार ( पुराना ) पर्वत है, जिसका पृथ्वी के नीचे विवर्तनिक प्लेटों की गतिशीलता रुकने के कारण ऊपर की ओर उत्थान में कमी आई, जिसके परिणामस्वरूप इसकी ऊँचाई में वृद्धि रुक गई है।

(c) ये गुम्बदाकार पर्वत है। → अवशिष्ट पर्वत है

(d) इसके विस्तार की दिशा और मानसूनी पवनों की दिशा के कारण इस क्षेत्र में वर्षा की कमी की स्थिति बनती है।

36. प्रायद्वीपीय पठार की नदियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रायद्वीपीय अपवाह तंत्र हिमालय की नदियों की तुलना में नवीन है।
2. प्रायद्वीपीय नदियाँ सामान्यतः विसर्प बनाती हैं।
3. ये नदियाँ प्रौढ़ावस्था में हैं।
4. प्रायद्वीपीय पठार की अधिकांश नदियाँ वर्षा पर निर्भर हैं। उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही नहीं हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

37. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सुरू घाटी | हिमाचल प्रदेश |
| 2. | यूथांग घाटी | उत्तराखंड |
| 3. | जूकू घाटी | नगालैंड |

कूटः

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

38. 11° चौनल द्वारा विभाजित द्वीप समूह हैं-

(a) अमीनी द्वीप व मिनिकॉय द्वीप

(b) मिनिकॉय द्वीप व कनामोरे द्वीप

(c) अमीनी द्वीप व कनामोरे द्वीप

(d) ग्रेट निकोबार व लिटिल निकोबार

39. छोटानागपुर पठार के चारित्रिक लक्षणों में शामिल हैं-

1. ये ग्रेनाइटिक नीस के बने हैं।
2. इनकी ढाल दक्षिण की ओर है।
3. छोटा नागपुर पठार पर पुराने बाढ़कृत मैदानों की उत्थित वेदिकाएँ अवस्थित हैं।
4. इन पर तीव्र कगारों का अभाव पाया जाता है।

कूट:

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

40. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दामोदर नदी हजारीबाग तथा राँची के पठार को अलग करती है।
2. दामोदर नदी बेसिन कोयला भंडार की दृष्टि से भारत का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है।
3. राँची पठार की चोटी ‘पारसनाथ’ छोटा नागपुर पठार की सर्वोच्च चोटी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सत्य हैं?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

41. भारत के प्रायद्वीपीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के गोंडवाना कोयला भंडार का 90 प्रतिशत से अधिक भाग प्रायद्वीपीय क्षेत्र में पाया जाता है।

2. प्रायद्वीपीय भारत का सर्वोच्च शिखर डोडाबेट्टा है। उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

42. भारत के तटवर्ती मैदानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पूर्वी तटीय मैदान अपनी उद्गामी (Emergent) प्रवृत्ति के कारण पत्तनों और बंदरगाहों के विकास लिये प्राकृतिक स्थितियाँ प्रदान करता है।

2. पश्चिमी तटीय मैदानों से होकर बहने वाली नदियाँ डेल्टा नहीं बनाती हैं।

3. मालाबार तट में श्चयालश का उपयोग मछली पकड़ने और 11 अंतर्देशीय नौ-परिवहन के लिये किया जाता है। उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

43. नदियों तथा सहायक नदियों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) गोदावरी : इंद्रावती

(b) गंगा : पेनगंगा

(c) कृष्णा : भीमा

(d) लूनी : सुकरी

44. निम्नलिखित में से कौन-सी झील भारत के पश्चिमी तट पर स्थित है?

(a) चिल्का
(b) अष्टमुर्दी
(c) पुलिकट
(d) कोल्लेरू

45. अलकनंदा और पिंडार नदियों के संगम पर निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान अवस्थित है?

(a) रुद्र प्रयाग

(b) कर्ण प्रयाग

(c) देव प्रयाग

(d) विष्णु प्रयाग



46. तीस्ता नदी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. तीस्ता नदी का उद्गम वही है जो ब्रह्मपुत्र का है लेकिन यह सिक्किम से होकर बहती है।

2. रंगीत नदी की उत्पत्ति सिक्किम में होती है और यह तीस्ता नदी की एक सहायक नदी है।

3. तीस्ता नदी, भारत एवं बांग्लादेश की सीमा पर बंगाल की खाड़ी में जा मिलती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

47. यह नदी चंद्रा और भागा दो सरिताओं के मिलने से बनती है। ये सरिताएँ हिमाचल प्रदेश में केलांग के निकट तांडी में आपस में मिलती हैं। इसलिये इसे श्चंद्रभागाश के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त विवरण किस नदी के संबंध में है?

(a) झेलम

(b) रावी

(c) सतलुज

(d) चेनाब

48. गंगा नदी तंत्र के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-

1. गंगा नदी मध्य या लघु हिमालय को काटकर तंग महाखड्डों से होकर गुजरती है।
2. गंगा नदी हरिद्वार के पास पर्वतीय भाग को छोड़कर मैदानी भाग में प्रवेश करती है।
3. पिरम द्वीप के समीप यह नदी बंगाल की खाड़ी में जा मिलती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 3

केवल-3

गहरी घाटी

V-आकार

49. नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-

1. सोन नदी गंगा की सबसे पश्चिमी और सबसे लंबी सहायक नदी है।

2. महानंदा गंगा की एक महत्त्वपूर्ण सहायक नदी है, जो पश्चिम बंगाल में गंगा के बाएँ तट पर मिलने वाली अंतिम सहायक नदी है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

b

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

50. भारत में मानसूनी वर्षा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह मुख्यतः स्थलाकृतिक विशेषताओं द्वारा नियंत्रित होती है।
2. वर्षा के वितरण में क्षेत्रीय व मौसमी विभिन्नता है।
3. भारी मूसलाधार वर्षा, जिसके परिणाम स्वरूप प्रचुर अपवाह होता है।
4. वर्षा का आरंभ और अंत नियमित है और समय पर होता है। नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 2, 3 और 4

51. भारतीय मानसून का पूर्वानुमान करते समय इंडियन ओशन डाइपोल (IOD) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. IOD परिघटना, उष्णकटिबंधीय पश्चिमी हिंद महासागर एवं उष्णकटिबंधीय पूर्वी प्रशांत महासागर के बीच सागर- पृष्ठ तापमान के अंतर से विशेषित होती है।

2. IOD परिघटना, मानसून पर एल-नीनो के असर को प्रभावित कर सकती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

हिंद महासागर

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2?

52. नीचे दिये गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िये-

1. मौसम एक विशेष समय में एक क्षेत्र के वायुमंडल की अवस्था को बताता है।

2. जलवायु अपेक्षाकृत लंबे समय की एक विशाल क्षेत्र की मौसम की अवस्थाओं तथा विविधताओं का औसत योग है।

3. मौसम तथा जलवायु दोनों के तत्त्व एक ही होते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) उपर्युक्त सभी

53. एशिया महाद्वीप में मानसूनी जलवायु मुख्यतः पाई जाती है-

1. दक्षिण एशिया में
2. पश्चिमी एशिया में
3. दक्षिण-पूर्वी एशिया में

कूटः

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

54. भारतीय वर्षण की प्रादेशिक विविधताओं के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-

1. हिमालय में वर्षण मुख्यत: हिमपात के रूप में होता है।
2. तमिलनाडु के तटीय प्रदेशों में वर्षा शरद ऋतु के आरंभ में होती है।
3. उत्तरी मैदान में वर्षा की मात्रा पश्चिम से पूर्व की ओर घटती जाती है।

निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

55. किसी क्षेत्र की जलवायु को नियंत्रित करने वाले प्रमुख कारक हैं-

1. अक्षांश
2. समुद्र से दूरी
3. देशांतर
4. वायुदाब
5. तुंगता ( ऊंचाई )

कूटः

समय का निर्धारण

(a) केवल 1, 2 और 5
(b) केवल 2, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2, 4 और 5
(d) उपर्युक्त सभी

56. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. भारत की जलवायु में उष्ण कटिबंधीय एवं शीतोष्ण कटिबंधीय दोनों जलवायु की विशेषताएँ उपस्थित हैं।

2. भारत में कर्क रेखा के उत्तरी भाग में कम दैनिक एवं वार्षिक तापांतर पाया जाता है।

3. भारत के दक्षिणी भाग में उच्च दैनिक तथा वार्षिक तापांतर के साथ विषम जलवायु पाई जाती है।

कूट:

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

57. पश्चिमी विक्षोभ के संदर्भ में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-

1. पश्चिमी विक्षोभ कैस्पियन सागर में उत्पन्न होते हैं।

2. भारत में इनका प्रवेश पश्चिमी जेट प्रवाह द्वारा होता है। उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही

ITCZ → Low Pressure



58. अंतः उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र ( आई.टी.सी. जेड. ) के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह विषुवतीय अक्षांशों में विस्तृत गर्त एवं निम्न दाब का क्षेत्र होता है।
2. सूर्य की स्थिति में परिवर्तन के साथ यह क्षेत्र उत्तर या दक्षिण की ओर खिसकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही

59. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कारक भारतीय जलवायु को प्रभावित करता है / करते हैं?

1. एल-नीनो
2. पश्चिमी जेट धाराएँ
3. तिब्बत का पठार

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2
(d) उपर्युक्त सभी

60. वर्षा ऋतु में तमिलनाडु तट के शुष्क रहने का / के कारण है/हैं-

1. तमिलनाडु का तट बंगाल की खाड़ी की मानसूनी पवनों के समानांतर पड़ता है।

2. यह दक्षिण-पश्चिम मानसून की अरब सागर शाखा के वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

वृष्टि छाया प्रदेश

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2



61. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. मानसून के पीछे हटने या लौट जाने को मानसून का निवर्तन कहते हैं।

2. लौटती हुई मानसूनी पवनें अरब सागर से जलवाष्प ग्रहण करके तमिलनाडु के तट पर वर्षा करती हैं।

बंगाल की खाड़ी

कूटः

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

62. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार भारत के जलवायु प्रदेशों के संबंध में कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?

1. उष्ण कटिबंधीय सवाना प्रकार (Aw) - कोरोमंडल तट
2. अर्द्धशुष्क स्टेपी जलवायु (BShw) - पश्चिमी राजस्थान
3. ध्रुवीय प्रकार (E) - हिमाचल प्रदेश

कूटः

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 1 और 3

63. एल-नीनो और ला नीना के संबंध में इनमें से कौन-से तथ्य सही हैं?

1. एल-नीनो का संबंध प्रशांत महासागर की जलीय सतह का तापमान बढ़ने से है जबकि ला-नीना का संबंध प्रशांत महासागर की जलीय सतह के तापमान के कम होने से है।
2. एल-नीनो संयुक्त राज्य अमेरिका में आने वाली आंधियों और टॉरनेडो से संबंधित है जबकि ला-नीना संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम में पड़ने वाले सूखे से संबंधित है।
3. एल-नीनो का संबंध जलवायु परिवर्तन से है, जबकि ला-नीना के साथ ऐसा नहीं है।
4. एल-नीनो को छोटा बच्चा ( लिटिल ब्वॉय ) और ला-नीना को 'छोटी बच्ची ( लिटिल गर्ल ) कहा जाता है।

कूट:

(a) 1, 2 और 4
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

64. भारतीय मानसून के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. चेरी ब्लॉसम कर्नाटक में मानसून पूर्व बौछार के विशिष्ट प्रकार हैं।

2. मानसून में विभंगता और अंतराल जेट प्रवाह की गतिशील प्रकृति के कारण आते हैं।

3. तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश के भाग और कर्नाटक के भाग में उत्तरी-पूर्वी मानसून / लौटते हुए मानसून के कारण वर्षा होती है। भारतीय उपमहाद्वीप का यह भाग उत्तर-पूर्वी पवन तंत्र द्वारा प्रभावित होता है।

कूट:

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

65. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उत्तरी भारत के विशाल मैदान में मानसून ब्रेक को सही ढंग से व्यक्त करता है?

(a) उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की संख्या कम हो जाने से और अंतः उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र की स्थिति में बदलाव आने से।

(b) आर्द्र पवनों का समानांतर तथा तीव्र गति से बहना।

(c) वायुमंडल के निम्न स्तरों पर तापमान की विलोमता वर्षा करने वाली आर्द्र पवनों को ऊपर उठने से रोक देती है।

(d) इनमें से कोई नहीं।

66. भारत की लैटेराइट मिट्टियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. वे साधारणतः लाल रंग की होती हैं।
2. वे नाइट्रोजन और पोटाश से समृद्ध होती हैं।
3. उनका राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अच्छा विकास हुआ है।
4. इन मिट्टियों में टैपियोका और काजू की अच्छी उपज होती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 4
(d) 2 और 3

67. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. जलोढ़ मृदा प्रायद्वीपीय प्रदेश में पूर्वी तट की नदी डेल्टाओ और नदियों की घाटियों में पाई जाती है।

2. जलोढ़ मृदा में पोटाश की मात्रा अधिक पाई जाती है।

3. प्रतिवर्ष बाढ़ों के द्वारा निक्षेपित होने वाली नई जलोढ़ मृदा को खादर कहते हैं।

कूट:

1,2,3

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) उपर्युक्त सभी

68. मृदा की विभिन्न परतों ( संस्तरों ) के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-

1. पौधों की वृद्धि के लिये आवश्यक जैव पदार्थों का खनिज पदार्थ, पोषक तत्त्व तथा जल से संयोग सबसे ऊपरी परत क्रमश संस्तर में होता है।

2. मृदा निर्माण की प्रक्रिया में सबसे नीचे की परत सबसे पहले बनती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

Regolith

69. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. लवणीय मृदाएँ शुष्क और अर्द्धशुष्क तथा जलाक्रांति क्षेत्रों और अनूपों में पाई जाती हैं।

2. डेल्टा प्रदेश में समुद्री जल के भर जाने से लवणीय मृदाओं के विकास को बढ़ावा मिलता है।

कूट:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

2011

Sex Ratio = 1000M ⇒ 943 F

70. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. जलोढ़ मृदाएँ | 1. ये मृदाएँ काली मृदा को दक्षिण, पूरब और उत्तर में घेरे हुए हैं। |
| B. लाल मृदाएँ | 2. पश्चिम में सतलुज नदी से लेकर पूर्व में ब्रह्मपुत्र घाटी तक विस्तृत |
| C. काली मृदाएँ | 3. इसमें तीव्र नमी धारण करने की क्षमता होती है। भीगने पर चिपचिपी और सूखने पर दरारयुक्त हो जाती है। |
| D. लैटेराइट मृदाएँ | 4. मौसमी वर्षा वाली उष्णकटिबंधीय जलवायु की विशिष्ट मृदाएँ |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |